जनमंच से हल होंगी समस्याएं : अग्निहोत्री

हिमाचल दस्तक। नादौन

हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष विधायक विजय अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में जयराम सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनमंच कार्यक्रम में शिकायतकर्ताओं की उमड़ती भीड़ से यह बात साफ हो गई है कि प्रदेश के लोग कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से कितने दुखी थे। पत्रकारों से बात करते उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब इस जनमंच कार्यक्रम के माध्यम से ही हर व्यक्ति की मुश्किलें दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि रैल में 4 नवंबर को हुए इस कार्यक्रम में 285 शिकायतें मिली, जिनमें से 153 का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें विभागों को भेजी गई हैं उन्हें भी आगामी 10 दिनों में हल करने के कड़े आदेश जारी किए जा चुके हैं। अग्निहोत्री ने कहा कांग्रेस सरकार बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को भी पूरी करने में नाकाम रही, जबकि ऐसे कार्यों के लिए जनमंच में जुटी भीड़ इस बात का साक्षी है कि लोगों में इस कार्यक्रम के प्रति कितना उत्साह तथा विश्वास है।

◆ लोगों से कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लेने का किया आग्रह

अग्निहोत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने वर्ष 2022 तक सभी के लिए अपना मकान बनाकर देने की योजना के साथ-साथ गैस कनेक्शन तथा बिजली, पानी की उपलब्धता करवाने का काम शुरू करके एक इतिहास रचा है। इससे लोग खुश हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेस समर्थक पंचायते तथा प्रतिष्ठान जनमंच जैसे कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए नाकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं, जिसे बर्दाश नहीं किया जाएगा। अग्निहोत्री ने कहा कि लोगों को भी चाहिए कि वह जनमंच कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी मुश्किलों को हल करवाने के लिए आगे आएं।

बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच पैदा करने को लगाएं कैंप: डीसी

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए आदेश

◆ कहा, आंगनवाड़ी के बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पोषाहार उपलब्ध करवाना करें सुनिश्चित

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स कमेटी की समीक्षा बैठक सोमवार को उपायुक्त डॉ. ऋचा वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि विभागीय अधिकारी लोगों में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक जागरुकता कैंपों का आयोजन करें, ताकि कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराध को समाज से पूर्णतया समाप्त किया जा सके।

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला के आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के सभी बच्चों को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर पोषाहार उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र में कार्यरत अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों का नियमित रूप से निरीक्षण करें तथा अधिनियम के तहत प्रावधानों के बारे ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता शिविरों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करें। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना, महिला स्वरोजगार योजना, बेटी है अनमोल तथा बाल-बालिका सुरक्षा योजना के तहत प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को इन योजनाओं के तहत दिए गए लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण कार्य को गति प्रदान करने को कहा तथा जहां आंगनबाड़ी केंद्र भवन अभी तक नहीं बने हैं वहां पर भूमि चिन्हित करने के लिए भी निर्देश दिए।

हमीरपुर। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करतीं उपायुक्त डॉ. ऋचा वर्मा।

सेना में भर्ती होने का सुनहरा मौका

हमीरपुर। सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के भर्ती निदेशक कर्नल एन सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हमीरपुर, बिलासपुर तथा ऊना के युवाओं के लिए खुली भर्ती आगामी 12 से 22 जनवरी, 2019 तक इंदिरा गांधी खेल मैदान ऊना में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि यह भर्ती सैनिक सामान्य ड्यूटी, सैनिक तकनीकी, सैनिक लिपिक, स्टोर कीपर तकनीकी और सैनिक ट्रेड्समैन के पदों के लिए होगी, जिसके लिए इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 13 नवंबर से 27 दिसंबर तक सेना की वेबसाइट पर किया जा सकता है।

◆ 12 से 22 जनवरी तक इंदिरा गांधी खेल मैदान ऊना में होगी भर्ती

◆ हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना जिले के युवा कर सकते हैं आवेदन

उन्होंने बताया कि उपरोक्त भर्ती के साथ हिमाचल, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और हरियाणा जिला गुड़गांव, मेवात, पलवल और फरीदाबाद के अलावा के उम्मीदवार, जिन्होंने 5 अक्तूबर से 3 नवंबर के बीच धर्मगुरु आरटी जेसीओ ओर हवालदार एसएसी के पद के लिए उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण किया हुआ है, उनकी भर्ती भी उपरोक्त अवधि के दौरान इंदिरा गांधी खेल मैदान ऊना में आयोजित की जाएगी। उन्होंने भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आग्रह किया हे कि वे अपने साथ भर्ती स्थल पर जाने से पहले अपना ऑनलाइन जारी किया गया एडमिट कार्ड, सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों के साथ उनकी दो-दो छाया प्रतियां तथा 20 रंगीन फोटो भी साथ लाएं।

प्राचीन भारतीय राज्यों पर की चर्चा

नेरी में मासिक गोष्ठी का किया गया आयोजन

नेरी में आयोजित मासिक गोष्ठी में भाग लेते विद्वान।

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

◆ गोष्ठी में करीब 25 विद्वानों ने लिया भाग

ठाकुर जगदेव चंद स्मृति शोध संस्थान नेरी में श्रीमद्भागवत पुराण अनुशीलन मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. ओम दत्त सरोच प्राचार्य संस्कृति महाविद्यालय चकमोह रहे व सत्र की अध्यक्षता ओम प्रकाश शुक्ला, अभिलेखागार प्रमुख शोध संस्थान नेरी ने की। डॉ. ओमदत्त सरोच ने श्रीमद्भागवत पुराण के पहले स्कन्द के 10वें, 11वें व 12वें अध्याय का विवेचन किया। भगवान कृष्ण के इंद्रप्रस्थ में द्वारका जाने के प्रसंग पर चर्चा करते हुए उन्होंने मार्ग में आने वाले विभिन्न देशों पर गहन चर्चा की व प्राचीन भारतीय राज्यों का वर्तमान संदर्भ में विवेचन किया। इसके अतिरिक्त द्वारकापुरी की ऐतिहासिक पर भी गंभीर चर्चा की। परीक्षित की गर्भ में अश्वथामा के ब्रह्मास्त्र हमले की कृष्ण द्वारा रक्षा व परीक्षित का प्रसंग भी चर्चित हुआ। चर्चा सत्र में ब्रह्मावर्त, आर्यवर्त एवं दक्षिणावर्त भूगोल से संबंधित विषयों को उठाया गया, जिन पर विशेष शोध करने की आवश्यकता है। सूतक और पातक जैसे धार्मिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

गोष्ठी में शोध संस्थान के महासचिव श्री भूमि दत शर्मा, समन्वय प्रमुख चेतराम गर्ग, प्यार चंद परमार व्यस्थापक इतिहास दिवाकर पत्रिका, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. सोम देव शर्मा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. शक्ति सिंह, प्रवीण भट्टी, जगवीर चंदेल, विशाल सांगल, सचिन शर्मा, शशि शर्मा सहित करीब 25 विद्वानों ने भाग लिया।

बेहतर ड्यूटी करने के लिए राकेश सम्मानित

हिमाचल दस्तक। लंबलू

◆ बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर हैं कार्यरत

लंबलू सब डिवीजन के तहत गांव झटबाड़ में भी बांका राम शर्मा प्रधान सुधार सभा झटवाड़ के घर पर रविवार को बिजली विभाग के लाइनमैन राकेश कुमार को सरकारी अच्छी ड्यूटी देने पर हार व टोपी, शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। राकेश कुमार बिजली विभाग में लंबलू सब डिवीजन के अधीन बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। इलाके में राकेश कुमार अपनी ड्यूटी दिन-रात अच्छी तरह से देते आए हैं। इससे इलाका निवासी इसकी ड्यूटी से बहुत खुश हैं और ऐसी अच्छी ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को भी सरकार की तरफ से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाना चाहिए, जो कि आम जनता की आवाज है। इस विभाग के कर्मचारियों द्वारा अच्छी ड्यूटी देने पर उच्च अधिकारी भी बधाई के पात्र हैं। लंबलू डिवीजन के कर्मठ एसडीओ दीपक वर्मा सहित जेई रघुबिंदर सिंह, फोरमैन कुलबंत सिंह, एएलएम अजय कुमार, टीमेट अमित सिंह, जेई टिक्कर शन्नी आदि गणमान्य कर्मचारियों की भी अच्छी ड्यूटी देने पर इलाका निवासी खुश हैं। इससे बाकी विभागों को भी नसीहत मिलती है कि अच्छी ड्यूटी करने पर आम जनता भी सम्मानित करने पर मजबूर होती है। दूसरे कर्मचारियों को भी इससे सीख लेनी चाहिए।

स्याहल में सड़क निर्माण कार्य शुरू

सुजानपुर। विधानसभा क्षेत्र के स्याहल में सड़क का निर्माण कार्य सोमवार को शुरू हो गया। इस दौरान भाजपा के मंडलाध्यक्ष रणजीत सिंह, महामंत्री अनिल शामा के साथ ही ग्रामीण मौजूद रहे। शामा ने बताया कि काफी समय से ग्रामीण सड़क सुविधा का आग्रह कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस शासन में ग्रामीणों की नहीं सुनी गई। भाजपा की सरकार बनने के बाद ग्रामीण पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से मिले थे। और उनसे सड़क निर्माण की मांग की। जिसे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने पूरा करवाने के निर्देश जारी किए थे। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आर रही मांग भाजपा सरकार ने पूरी की है।

हमीरपुर सब्जी मंडी के भाव (प्रति क्विंटल)

आलू 1200-1250, प्याज 2000-2200, गोभी 1200-1400, बंदगोभी 1400-1500, शिमला मिर्च 2500-3000, घीया 1800-2000, भिंडी 2000-2500, टमाटर 1400-1600, मूली 1200-1500, गाजर 3000-3200, शलगम 2800-3000, नींबू 5800-6000, खीरा 1500-1800, बैंगन 1200-1500, अदरक 7000-7500, लहसुन 2000-2500, फ्रासबीन 3500-4000, मटर 7500-8000, घण्डयाली 2500-2600, अरबी 3000-3200, संतरा 4500-5000, जिमीकंद 2200-2300, अमरूद 5000-5500, सेब 3500-4000, केला (प्रति डब्बा) 400-410, अनार 8500-9000, मौसमी 4000-4200, पपीता 3800-4500, किवी (प्रति डब्बा) 600-650, अनानास 2500-3000

लंबलू। बिजली विभाग के लाइनमैन राकेश कुमार को बेहतर सेवाएं देने के लिए सम्मानित करते लोग।

नादौन में पुलिस ने बढ़ाई गश्त

बस अड्डे पर घूम रहे युवाओं की ली क्लास

हिमाचल दस्तक। नादौन

नादौन बस अड्डा पर शाम के समय कुछ छात्रों व युवकों द्वारा अक्सर हुड़दंग करने की शिकायतों के बाद पुलिस ने यहां गश्त बढ़ा दी है। एसआई शिव कुमार की अगुआई में पुलिस टीम ने रविवार शाम बस अड्डा पर घूम रहे युवाओं की खूब क्लास लगाई। पुलिस ने कुछ लोगों द्वारा अड्डा पर फैलाई जा रही गंदगी का भी कड़ा संज्ञान लिया। जैसे ही कुछ मनचलों को पुलिस की इस कार्रवाई का पता चला तो उन्होंने भागने में ही भलाई समझी। पुलिस ने बस अड्डा पर घूम रहे युवाओं को पकड़ कर उन्हें चेतावनी दी कि दोबारा ऐसे बिना कारण के यहां मिलने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इन युवाओं में कुछ स्कूल जाने वाले छात्र छात्राएं भी थे। गौर हो कि कई दिनों से स्थानीय दुकानदार शिकायत कर रहे थे कि सुबह, दोपहर व सायं के समय कुछ युवा बस अड्डा पर बिना किसी कारण से ऐसे ही घूमते रहते हैं और कई बार आपस में झगड़ा भी करते हैं। इस कारण यहां आने जाने वाले यात्रियों सहित दुकानदारों को भी कई तरह की कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि ऐसे कई मनचले लड़कियों को भी तंग करते हैं। शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि बस अड्डा पर गश्त बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि ऐसे युवाओं के विरुद्ध सख्ती से निपटा जा रहा है।

नादौन बस अड्डा पर गश्त के दौरान पुलिस कर्मचारी।

◆ दुकानदारों की शिकायत पर एक्शन में आई पुलिस

समस्या

30 स्वास्थ्य उपकेंद्रों में से 20 में पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद पड़े हैं खाली

बड़सर के स्वास्थ्य उपकेंद्रों में हेल्थ वर्कर्स की कमी

हिमाचल दस्तक। बड़सर

◆ उपमंडल में प्रभावित हो रही स्वास्थ्य सेवाएं

बड़सर उपमंडल के स्वास्थ्य उपकेंद्रों में हेल्थ वर्कर्स की कमी से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के 30 स्वास्थ्य उपकेंद्रों में से 20 में पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पद खाली हैं तथा स्वास्थ्य केंद्रों में मात्र 10 पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से छह स्वास्थ्य उपकेंद्रों में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पद रिक्त हैं, जबकि चार स्वास्थ्य उपकेंद्रों में पुरुष व महिला दोनों ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के पद रिक्त हैं। बड़सर उपमंडल में कुल 30 स्वास्थ्य उपकेंद्र चल रहे हैं। 30 स्वास्थ्य उपकेंद्रों में से 20 स्वास्थ्य केंद्रों में पुरुष हेल्थ वर्करों के पद खाली पड़े हैं। इसमें स्वास्थ्य उपकेंद्र समोह, पथलयार, बडडू, धबड़ियाणा, बणी, कनोह, टिप्पर, बल्याह, उसनाड़ कलां, ब्याड़, दैण, बल्हबिहाल, चकमोह, जमली, कलवाल तथा जजरी शामिल हैं। चार स्वास्थ्य उपकेंद्रों धंगोटा, श्योली, नैण, बैरी तथा लोहारड़ा में फीमेल हेल्थ वर्कर नहीं हैं। जबकि चार स्वास्थ्य उपकेंद्रों ज्योली देवी, बैरी, कठियाणा तथा नयन में दोनों मेल हेल्थ वर्कर तथा फीमेल हेल्थ वर्करों के पद खाली हैं। क्षेत्रवासियों सुरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, कमल कुमार, राजेंद्र कुमार, सुरजीत कुमार, दीपक कुमार, मनजीत, विशाल, विपिन, संजय, कुलदीप, रमेश, संजीव सहित अन्य लोगों का कहना में हेल्थ वर्करों के रिक्त पदों के कारण ने गांवों सवस्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

क्या कहते हैं बीएमओ

बीएमओ बड़सर एचआर कालिया से बात की तो उन्होंने बताया कि हेल्थ वर्करों के रिक्त पदों के बारे में प्रदेश सरकार एवं विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है।

निदेशक चुनने को डाला वोट

बड़सर। मैहरे में हुए कांगड़ा सरकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक समिति के निदेशक के चुनाव में वोट डालने जाते मतदाता।

ब्याड़ में जांचा 120 लोगों का स्वास्थ्य

भोरंज। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्याड़ की एनएसएस इकाई के वर्ष 2018-2019 के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आंखों की निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. मदन गोपाल ने लगभग 70 लोगों की की आंखों की जांच की। ब्याड़ व ब्याड़ के आस-पास के गांवों के लोगों के लिए भी फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 120 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की फ्री में जांच की गई। उन्हें दवाइयां भी बांटी गईं।

INOX WIND LIMITED

INOXWIND

Regd. Off.: Plot No.1, Khasra No. 264 to 267, Industrial Area, Village-Basal, Distt. Una-174303, Himachal Pradesh

CIN: L31901HP2009PLC031083 | Tel./ Fax: 01975-272001 | E-mail: investors.iwl@inoxwind.com | Website: www.inoxwind.com

EXTRACT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2018

(Rs. in Lakh)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 30-09-2018	Half year ended 30-09-2018	Quarter ended 30-09-2017
1.	Total Income from operations	43,666	86,711	7,951
2.	Net Profit / (Loss) for the period before tax	244	2,056	(7,060)
3.	Net Profit/ (Loss) for the period after tax	152	1,189	(4,681)
4.	Total Comprehensive Income [Comprising Profit/ (Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income after tax]	179	1,203	(4,610)
5.	Paid-up equity share capital (face value Rs. 10 per share)	22,192	22,192	22,192
6.	Earnings per share (face value of Rs.10/- each) (not annualized)			
	a) Basic (Rs.)	0.07	0.54	(2.11)
	b) Diluted (Rs.)	0.07	0.54	(2.11)

Notes:

1. The above results were reviewed by the Audit Committee and were thereafter approved by the Board of Directors at its meeting held on 05th November, 2018. The Statutory Auditors of the Company have carried out Limited Review of the above results for the quarter and half year ended 30th September, 2018.
2. The above results are an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited quarterly and half yearly standalone and consolidated Financial Results are available on the Stock Exchanges' website (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.inoxwind.com).
3. Information on Standalone Financial Results:

(Rs. in Lakh)

Sr. No.	Particulars	Quarter ended 30-09-2018	Half year ended 30-09-2018	Quarter ended 30-09-2017
1.	Total income from operations	39,971	78,875	3,356
2.	Net Profit before tax	1,143	3,338	(6,511)
3.	Net Profit after tax	738	2,149	(4,280)

On behalf of the Board of Directors
For **Inox Wind Limited**

Devansh Jain
Director

Place: Noida
Date : 05th November, 2018